श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल,उत्तराखण्ड–249199
Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay Badshahithaul, Tehri Garhwal,Uttarakhan

पत्रांक 2761 /SDSUV/प0नि0कार्या0/2024 दिनांक 24.09.2024

बी0एड0 परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु परीक्षा केन्द्र परिर्वतन के नियम

समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थानों के प्राचार्य/निदेशकों से अनुरोध है, कि छात्रों के परीक्षा केन्द्रों का स्थानान्तरण केवल विशेष परिस्थितियों में ही सम्भव हो पायेगा,क्योकि विगत सत्रों में अत्यधिक अभ्यर्थियों द्वारा अपना केन्द्र स्थानान्तरित करवाये गये है, जिसके परिणाम स्वरूप परीक्षा परिणाम घोषित करने में विलम्ब एवं अत्यधिक कठिनाईयों को समना करना पडा। इसलिए परीक्षा केन्द्र स्थानान्तरण केवल निम्न परिस्थितियों में ही सम्भव हो पायेगा।

(क) यदि किसी विवाहित महिला का प्रशवकाल का समय निकट हो, तो सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त दोंनो संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर विश्वविद्यालय मुख्यालय में जमा करने एवं विश्वविद्यालय के अनुमोदनोपरान्त ही केन्द्र स्थानान्तरण हो पायेगा।

(ख) यदि कोई अभ्यर्थी गम्भीर बीमारी/चोट अथवा चलने में असमर्थ होने जैसी स्थिति से गुजर रहा हो, तो वह सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त चिकित्सकीय प्रमाण के आधार पर उक्त दोंनो संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय मुख्यालय में जमा करने एवं विश्वविद्यालय के अनुमादनोपरान्त ही केन्द्र स्थानान्तरण होना सम्भव हो सकेगा।

(ग) ऐसे अभ्यर्थी जिनकी शादियॉ अध्ययन केन्द्र से अन्यत्र सम्पन्न होनी हो/हो चुकी हो।

(घ) ऐसे अभ्यर्थी जिनके पति/अभिभावकों को स्थानान्तरण अध्ययन केन्द्र से अन्यत्र हो गया हो।

अतः समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थानों के प्राचार्यो/निदेशकों से अपेक्षा की जाती है, कि केन्द्र स्थानान्तरण से अभ्यर्थियों का परीक्षाफल घोषित करने में कठिनाईयों का सामना करना पडता है, जिससे संस्थान, छात्र एवं विश्वविद्यालय सभी को परेशानियों का सामना करना पडता है, इसलिए निवेदन है, कि केन्द्र स्थानान्तरण में उपरोक्त उल्लेखित विशेष परिस्थितियों में ही एन0ओ0सी0 दी जायं।

सहयोग हेतु धन्यवाद

24/09/2024
परीक्षा नियन्त्रक